# राजस्व टीम पर हमला, चौकी प्रभारी पर चढ़ाई मोटरसाइकिल

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण के लिए गई थी टीम

संवाददाता सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण के लिए गई राजस्व और पुलिस टीम पर सोमवार दोपहर विवाद के दौरान हमला हो गया। समझाने के दौरान आक्रोशित पक्ष के बेटे ने चौकी प्रभारी पर बाइक चढ़ा दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के छेदा ग्राम स्थित चोकीपुरवा निवासी झल्लू पुत्र रामसेवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर रामनरायन द्वारा भूमि कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर कार्रवाई के लिए तहसील प्रशासन की टीम कानूनगो जगतराम वर्मा, लेखपाल हिमांशु वर्मा तथा सूरतगंज चौकी प्रभारी अरुण सिंह



घायल चौकी प्रभारी। अमृत विचार

गांव पहुंचे थे। जांच के दौरान झल्लू और विपक्षी रामनरायन के बीच कहासुनी बढ़ गई। मामला शांत कराने का प्रयास कर रहे चौकी प्रभारी अरुण सिंह विपक्षी को समझा रहे थे, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। इसी दौरान चौकी प्रभारी द्वारा उसे थाने ले जाने की बात कहने पर अचानक पीछे से आए रामनरायन के पुत्र अनिल उर्फ नीला व पलटू पुत्र खुशीराम ने बाइक सीधे चौकी प्रभारी पर चढ़ा दी।हमले में घायल हुए चौकी प्रभारी को पुलिस कर्मियों ने तत्काल सूरतगंज सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा के अनुसार, जान से मारने की नीयत से बाइक चढ़ाने का प्रयास किया गया है। चौकी प्रभारी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। बाइक भी कब्जे में ले ली गई है।

### न्यूज ब्रीफ

### कुत्तों के हमले से बालक की हालत गंभीर

**सूरतगंज, बाराबंकी :** आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने गए एक मासूम पर कुत्तों ने हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल बालक को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से घर भेज दिया गया। फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लापुर रानीमऊ के निवासी शिवम कुमार का चार वर्षीय बेटा रूद्रांश कुमार सोमवार सुबह गांव के प्राथमिक विद्यालय भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पहले दिन पढ़ने गया था। रास्ते में आवारा कुत्तों ने सिर, चेहरे व पीठ पर हमलाकर उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे शिवम ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। पिता शिवम कुमार ने बताया कि केन्द्र स्टाफ की लापरवाही से बेटा घायल हुआ है।

### अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**बनीकोडर, बाराबंकी :** दूसरी महिला से अवैध संबंध का विरोध करने पर विवाहिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। पति से परेशान पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। असन्दरा थाना क्षेत्र के ग्राम धनौली मिश्रान की रहने वाली महिला की तहरीर के अनुसार उनका विवाह कई वर्ष पूर्व अखिलेश कुमार रावत पुत्र श्याम प्रसाद रावत से हुआ था। दंपती का एक 7 वर्षीय पुत्र भी है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का गांव की ही एक महिला से अवैध सम्बन्ध है। इसका विरोध करने पर पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता है और उसे घर से निकालने की धमकी देता है। महिला ने बताया कि 6 दिसंबर की सुबह जब उसने पति के अवैध सम्बन्धों का विरोध किया, तो पति ने लाठी-डंडों से पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि पति ने धमकी दी कि अगर उसने विरोध जारी रखा तो वह उसे जान से मार देगा।

# लेखा पर्ची व बोनस भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने संगठन पदाधिकारियों के साथ मिलकर वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य को ज्ञापन पत्र सौंपा। इसमें जीपीएफ कटौती वाले शिक्षकों को लेखा पर्ची उपलब्ध कराए जाने, जुलाई-सितंबर 2025 के डीए अवशेष 55 से 58 प्रतिशत का भुगतान और वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त शिक्षकों का बोनस भुगतान करने की मांग की गई। अभिषेक सिंह ने बताया कि कई वर्षों से शिक्षक अपने वास्तविक जीपीएफ बैलेंस की जानकारी नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वित्त



वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। अमृत विचार

एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य ने नव वर्ष के पूर्व ही आवश्यक भुगतान करने और कार्यवाही प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने में जिला महामंत्री नीरज कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला संगठन मंत्री सुधीर चौधरी और जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा सहित अन्य शिक्षक पदाधिकारी शामिल रहे।



पौधा लगाता नवविवाहित जोड़ा। अमृत विचार

## पौधरोपण से की दांपत्य जीवन की शुरुआत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नवविवाहित मुकुल श्रीवास्तव और आयुषी ने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत एक अनोखे और प्रेरणादायक कार्य से की। दोनों ने सप्तऋषि आश्रम स्थित प्राचीन देवघरा माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद एक नीम और एक कचनार का पौधा रोपित किया। पौधों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दोनों पौधों के चारों ओर आयरन जाली लगवाई, जिससे पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। नवदंपति ने बताया कि जीवन में वृक्षों का महत्व अत्यंत आवश्यक है और "वृक्ष बिना जीवन नहीं" का संदेश देकर उन्होंनेलोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि यदि हर शादियों के शुभ अवसर पर पौधरोपण को परंपरा बनाया जाए तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

## अयोध्या वासी के बैंक खाते से 5.30 लाख की ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर करीब 5 लाख 30 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई और धन वापस दिलाए जाने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र में ग्राम सुल्तानपुर, पोस्ट पूरेकामगार निवासी प्रमोद कुमार का केनरा बैंक शाखा कम्पनीबाग बाराबंकी शहर में खाता है। खाते में जमा 5,30,905.40 की पूरी राशि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पांच दिसंबर को तीन ट्रांजैक्शन के माध्यम से निकाल ली गई। अचानक रुपए कटने के मोबाइल मैसेज मिलने पर पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज की। अगले दिन वह साइबर सेल बाराबंकी पहुँचे, जहां उन्हें यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि मामला अयोध्या का है। इसके बाद पीड़ित ने ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराई, लेकिन न तो रुपए मिले और न कार्रवाई की सूचना।

## ससुरालीजनों के दबाव में आकर की थी आत्महत्या

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** पत्नी से लेकर ससुरालीजन पांच बीघा जमीन बैनामा कराने का दबाव युवक पर डालते रहे। लगातार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ग्राम अंबरपुरवा मजरे दनापुर की मीना कुमारी ने कोर्ट में बताया कि उनके पुत्र राजकुमार की शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी शिवानी राजकुमार पर 5 बीघा जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाने लगी। तीसरी बार विदा होकर आने के बाद भी शिवानी 15 दिन तक लगातार विवाद और मारपीट करती रही और मायके चली गई। इसके बाद से शिवानी और उसके परिजन लगातार फोन कर जमीन का बैनामा कराने का दबाव डालते रहे। बताया कि 15 अक्टूबर को शिवानी ने राजकुमार को अपने घर बुलाया, जहां जमीन को लेकर राजकुमार के साथ मारपीट कर धमकी दी गई। पीड़िता के अनुसार प्रताड़ना व फोन पर धमकियों से परेशान होकर राजकुमार ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

## मानवीय कार्य करने पर टीम को मिला पुरस्कार



पुरस्कृत करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी ने मानवीय कार्य के लिए थाना बड्डूपुर की मिशन शक्ति टीम को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। गत 6 दिसंबर को थाना बड्डूपुर ग्राम बुढ़ाना निवासिनी 9 माह की गर्भवती महिला उपचार के लिए घुंघटेर जा रही थी कि रास्ते में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सूचना पर थाने की मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, महिला सिपाही मोनी वर्मा व प्रतिभा कुमारी द्वारा पहुंचकर चिकित्सक की व्यवस्था कराते हुए महिला की नार्मल डिलिवरी कराई गई एवं एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र आदि दिया गया।

## नशा-मुक्त युवा ही विकसित भारत की नींव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल भनौली में विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा नशा-मुक्त युवा, विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सरोज सिंह, विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा, जिला सह-संयोजिका संगीता वर्मा तथा जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह ने महिषासुर मर्दिनी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता नेहा मिश्रा ने कहा कि नशा-मुक्त और स्वस्थ युवा ही समृद्ध भारत की रीढ़ हैं। प्रधानाचार्य सरोज सिंह ने युवाओं से नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने की अपील की। सरिता सिंह ने छात्रों को नशा-मुक्ति का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में जिला मंत्री राहुल कुमार, वर्षा जैन, मानसी शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कलश यात्रा में शामिल विधायक। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय श्रीराम कथा

**फतेहपुर, बाराबंकी :** सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व सोमवार को गायत्री परिवार द्वारा एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा नगर के श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मंदिर परिसर से मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करके प्रारंभ की गई। पीत वस्त्रधारी सैकड़ों महिलाएं और युवतियां सिर पर आकर्षक, रंग-बिरंगे कलश धारण कर पंक्तिबद्ध चलते हुए एक रहेंगे, नेक रहेंगे, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा"काउदघोषकरतीहुईआगेबढ़ीं।कलशयात्रानगरकेप्रमुखमार्गोंप चघरा, ब्राह्मणीटोला, मुंशीगंज बाजार, पटेलनगर चौराहा, बाईपास, कचेहरी चौराहा और सिहाली रोड से होकर गुजरते हुए कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। कलश यात्रा में विधायक साकेन्द्र प्रताप सिंह सहित रमेश बाजपेयी, आशुतोष सिंह आशू, विपिन राठौर, डॉ. अंजू चंद्रा, अनुपम निगम, शंकर सिंह, सुरेंद्र वर्मा, राजेश पाठक, नरेन्द्र वर्मा, सुशील कुमार, लालजी वर्मा, हनुमंत लाल और बलवंत समेत अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। उधर महादेव तालाब परिसर में कथा वाचक आलोक सरस द्वारा सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तथा रात्रि 8 से 11 बजे तक प्रस्तुत की जाएगी।

## बंटाईदार ने जमीन पर लगाया अपना बोर्ड

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से बोर्ड लगाने और विरोध करने पर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उधवापुर का है। यहां की रहने वाली बिंदु वर्मा ने पुलिस को बताया कि गाटा संख्या 2918 व 2889 की जमीन उनकी है, जिसे बालकराम को बंटाई पर दे रखा था लेकिन विवाद तब खड़ा हो गया जब विपक्षी ने अचानक जमीन पर अपना बोर्ड गाड़ दिया। शनिवार सुबह जब बिंदु वर्मा ने बोर्ड हटाने की मांग की, तो स्थिति बिगड़ गई। आरोप है कि खुशबू यादव, नितेश यादव, अमरेंद्र उर्फ अरुण यादव और शिवानी लाठी-डंडे, बांका और दरांती लेकर बिंदु वर्मा को मारने दौड़ पड़े। पिटाई में महिला को हाथ-पैर में चोटें आईं। बताया कि पूरी घटना का वीडियो सबूत भी उनके पास मौजूद है। बिंदु वर्मा का कहना है कि विपक्षी लगातार जमीन को कम दाम में बेचने का दबाव बना रहे हैं।



प्रेसवार्ता में मौजूद अध्यक्ष राजेश अरोड़ा बब्बू व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

## साईं बाबा की चरण पादुकाएं पहली बार पहुंचेंगी बाराबंकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री शिरडी साईं बाबा सेवा संस्थान ट्रस्ट 13 दिसंबर को साईं बाबा की 110 वर्ष पुरानी पवित्र चरण पादुकाओं का दर्शन समारोह बाराबंकी में आयोजित करने जा रहा है। पहली बार ये मूल पादुकाएं शिरडी से बाराबंकी लाई जा रही हैं। सोमवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश अरोड़ा बब्बू ने बताया कि 12 दिसंबर की रात पादुकाएं बाराबंकी पहुंचेगी, जिन्हें संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं 2013 बैच के आईएएस अधिकारी गोरक्ष गडिलकर स्वयं लेकर आ रहे हैं। 13 दिसंबर को जिला अस्पताल के सामने स्थित जीआईसी ऑडिटोरियम में पादुकाओं का प्रतिष्ठापन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे नागेश्वरनाथ मंदिर से पादुका यात्रा के रूप में होगा। इसके बाद सुबह 11 :30 बजे प्रतिष्ठापन एवं दर्शन, दोपहर 12 बजे मध्यांह्न आरती और दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक राकेश जुनेजा व अंजलि थापी द्वारा साईं ज्ञानेश्वरी का संगीतमयी पाठ होगा। शाम 4 से 6 बजे तक मनमोहक झांकियों का आयोजन होगा, 6 :30 बजे धूप आरती और रात 7 बजे से अंतरराष्ट्रीय भजन गायक पारस जैन की भजन संध्या भक्तों को भावविभोर करेगी।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए 44 बीएलओ सम्मानित



सम्मानित किए गए बीएलओ। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 को पारदर्शी, शुद्ध और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्यों को समयपूर्व पूरा करने वाले 44 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने वाले 18 बीएलओ को डीएम द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। सम्मानित बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन और 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य पूरा कर अभियान को नई गति और मजबूती प्रदान की है।

# विविध स्पर्धाओं में बच्चों ने दिखाया दम

**बाराबंकी, अमृत विचार:** बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की आठवीं स्पोर्ट्स मीट 'उड़ान' के आठवें दिन सोमवार को चारों शाखाओं में गायन, डिबेट, नृत्य और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कंपनी बाग व सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों की गायन प्रतियोगिता ने माहौल को खुशनुमा बनाया, जबकि सत्य प्रेमी नगर और बंकी ब्रांच में इंटर व इंट्रा डिबेट, नृत्य व पेंटिंग प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। सत्य प्रेमी नगर शाखा में ग्रुप ए डिबेट में इनोवेशन हाउस के अद्विक, क्रिएटिविटी हाउस के प्रतीक यादव, कंपैशन हाउस के अर्थ और स्ट्रेंथ हाउस के नूर नवाज ने अपने-अपने



स्पर्धा में विजेता छात्राएं। अमृत विचार

हाउस के लिए प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप सी नृत्य प्रतियोगिता में अलंकृता, तनीषा, वान्या और अविका अपनी-अपनी श्रेणी में प्रथम रहीं। पेंटिंग में स्ट्रेंथ हाउस के लक्ष्य वर्मा ने बाजी मारी। बालाजी अकैडमी बंकी ब्रांच में भी डिबेट व नृत्य में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटीग्रिटी हाउस की वैष्णवी, हार्मनी हाउस की आभा, विजडम हाउस के अक्षत यादव और करिज हाउस के अरनव डिबेट के विजेता रहे। नृत्य में सृष्टि यादव, रिया, आलिया ज़हरा और अश्वनी सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में अंशिका चौधरी ने पहला स्थान पाया। कंपनी बाग शाखा की गायन प्रतियोगिता में प्ले ग्रुप से अभिजीत कुमार मिश्रा, अपर प्ले ग्रुप से दिविषा सिंह और लोअर केजी से अतुल्य पटेल प्रथम रहे। बालाजी किड्स आ प्ले स्कूल में आयत अली और यशिका सचदेवा संयुक्त रूप से विजेता बनीं। विद्यालय निदेशक अंकुर माथुर तथा चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिकाओं ने विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

# 192 जोड़े बने जीवन साथी

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भव्य समारोह के बीच 192 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विवाह विधि-विधान से कराया। मुख्य अतिथि ने कहा योगी सरकार समाज में समरसता और सर्वधर्म सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए बिना भेदभाव निरंतर कार्य कर रही है। रामदेव सिंह ने कहा कि यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों



नवविवाहितों को आशीर्वाद देते विधायक व अन्य। अमृत विचार

की बेटियों के सपनों को साकार करने में सहायक है। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, सीओ समीर कुमार सिंह, कोतवाल अभिमन्यु मल्ल, मंदिर समिति प्रबंधक संजय गिरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं। आयोजन में मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, मोनू सिंह, राम तीरथ वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, महादेव पाठक, अतुल गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नवविवाहित जोड़े व उनके परिजन रहे।

## फंदे से लटका मिला शिक्षक का शव

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** रविवार शाम घर से निकले निजी स्कूल के शिक्षक का शव गांव के बाहर पेड़ से बने फंदे से लटका मिला। विवाहित युवक ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बदोसरांय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किन्तूर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोहित यादव उर्फ पप्पू पुत्र माधवराम के रूप में हुई है, जो अखाड़ापुरवा मजरे किंतूर गांव का निवासी था। मोहित रविवार शाम से घर से लापता था। भाई अशोक कुमार के अनुसार वह उस शाम किसी से फोन पर बात करते हुए घर से निकले फिर वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सोमवार सुबह अशोक कुमार ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मोहित की तलाश में ही थी कि सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर रफी के खेत में लगे चिलवल के पेड़ से मोहित का शव मफलर के फंदे से लटका हुआ देखा गया। शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। मृतक मोहित एक निजी स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि युवक का शव पीएम के लिए भेजकर जांच की जा रही है।

# हादसों में 2 की मौत, 4 घायल

**त्रिवेदीगंज/हैदरगढ़, बाराबंकी:** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार घायल हुए। भिलवल चौराहे के पास बाइक सवार दो लोगों को एक बस ने टक्कर मार दी। हादसे में प्रभात वर्मा और दीपक घायल हो गए। इनमें दीपक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम गनहरी निवासी राजेश कुमार पत्नी अनीता संग बाइक से घर जा रहे थे। दहिला पोखरा मार्ग पर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घायल दंपति को सीएचसी ले जाया गया जहां अनीता की मौत हो गई। उधर, हैदरगढ़-सुबेहा मार्ग पर बीजापुर के पास अमान का पुरवा निवासी नंद कुमार बाइक सहित सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही तेज रोशनी वाली वाहनों की चकाचौंध के कारण नंद कुमार बाइक पर नियंत्रण खो बैठे। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर चौबीसी कस्बे के निकट भिखरा गांव निवासी हरिशंकर मिश्रा अपनी पत्नी रामलली को साइकिल से दवा दिलाकर लौट रहे थे। चौबीसी कट के पास एक अज्ञात पिकअप ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी और घायलों को सीएचसी भेजा। डॉक्टरों के अनुसार, रामलली की स्थिति नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## युवक का शव मिला

**सफदरगंज, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में एक युवक का शव सोमवार सुबह रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। मृतक की पहचान आकाश रावत (25) पुत्र बलमीत निवासी ग्राम महमूदपुर के रूप में हुई। बताया जा रहा कि आकाश सोमवार की सुबह खेत की ओर गया था। जहां वह लाइन पार करते समय आती ट्रेन देख नहीं सका और कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## चार महीने बाद कब्र से निकाला गया युवक का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** पति की संदिग्ध मौत पर शक जताते हुए पत्नी ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर चार माह बाद पुलिस व प्रशासन की टीम ने मृतक का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के डीह मजरे वीर किठई गांव में सोमवार सुबह ग्रामीणों में चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय प्रशासन व पुलिस टीम ने कोर्ट के निर्देश पर एक युवक का शव कब्र से बाहर निकलवाया। पूरी कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। बताया जा रहा कि मृतक सरजू अपनी पत्नी किरण के साथ लंबे समय से बाराबंकी शहर में बच्चों के साथ रह रहा था। किरण का कहना है कि सरजू और उसके परिवार के बीच जमीन के हिस्से को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा था। गांव में जमीन बंटवारे को लेकर उसके पति को बुलाया गया था, इसी बीच सरजू की अचानक मौत हो गई, परिजनों ने स्वाभाविक मौत बताते हुए शव दफन कर दिया था।

## पंजावाली पार्टी से डील करती थी मदनी एंड कंपनी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी के हालिया बयान की कड़ी निंदा की। कहा मदनी का बयान मुसलमानों को भड़काने वाला है, लेकिन पसमांदा मुसलमान अब इनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। वसीम राईन ने कहा कि पसमांदा मुसलमान राष्ट्रवादी और देशभक्त हैं। वे विदेशों के प्रभाव वाले मुसलमानों के साथ नहीं, बल्कि देश और देश की सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि पसमांदा समाज अब पूरी तरह जागरूक हो रहा है और इसी वजह से मदनी एंड कंपनी की राजनीति पर प्रश्नचिह्न लग गया है। उन्होंने कहा कि पहले ये लोग पंजावाली पार्टी से डील करते थे, लेकिन अब उनकी दुकान बंद होने की कगार पर है क्योंकि पसमांदा मुसलमान ने जागरूकता के साथ अपने राजनीतिक निर्णय लेने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुसलमान पीएम मोदी और सरकार के साथ खड़े हैं और उन्हें देश में किसी तरह की दिक्कत नहीं है।



वसीम राईन।

## राम नाम और सत्संग ही मोक्ष के आधार



कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** दुर्गा पूजा स्थल बस स्टॉप टिकैतनगर में चल रही कथा में पूज्य व्यास जी ने स्वर्ग और नरक की सुंदर व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य जब अज्ञानवश भौतिक सुखों के पीछे दौड़कर दुराचार, पापाचार, व्याभिचार और भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है, तो वही उसे नरकीय जीवन की ओर ले जाता है। ऐसे व्यक्ति को परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती और वह जन्म-मरण के चक्र में भटकता रहता है। व्यास जी ने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत और श्रीरामचरितमानस रूपी गंगा ही मनुष्य को भवसागर से पार करा सकती है और आत्मा का परमात्मा से मिलन संभव कर सकती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस युग में राम नाम और सत्संग ही मोक्ष के सच्चे आधार हैं। गृहस्थ जीवन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पति-पत्नी के संबंधों की पवित्रता और मर्यादा भगवान शिव से सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिता, मित्र, स्वामी और गुरु के घर बिना बुलाए जाया जा सकता है, पर किसी समारोह में बिना निमंत्रण जाना उचित नहीं है। व्यास जी ने समझाया कि गृहस्थ जीवन में अनावश्यक तनाव से बचना चाहिए।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 हरदोई

## न्यूज ब्रीफ

### खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के छह पर केस

**शाहाबाद, हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। 7 दिसंबर को थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम नेवादा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो रही है। पुलिस ने प्रथम पक्ष के शशिओम मिश्र, हरिओम मिश्रा, राकेश मिश्रा उनके भाई इंद्रेश मिश्रा, सर्वेश मिश्रा दूसरे पक्ष के राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

### मारपीट करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरावर निवासी युवक ने 6 दिसंबर की रात 7 बजे गांव के मारपीट कर घायल करने के मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित ब्रजपाल के अनुसार 6 दिसंबर की रात रंजिश में पड़ोसी रमाकांत अपने पुत्र सुमित के साथ शराब पीकर उसे गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की। विपक्षियों ने उसके घर पर पत्थरबाजी की और जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिहानी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र के ग्राम चमेलिया में मिशन शक्ति 5 .0 फेस के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी दीक्षा यादव ने साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1098, 1076, 1930 आदि के बारे में जानकारी दी, जिससे महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# सड़क हादसे में घायल युवक की 41वें दिन हुई मौत

संवाददाता, हरदोई


सरोज की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** ससुराल जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उसके बाद हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। उसके बाद वह अपने घर में मौत और जिंदगी के बीच लड़ रहा था। जहां सोमवार की सुबह 41वें दिन उसकी मौत हो गई।

पिहानी कोतवाली के रसूलपुर मजरा मधवापुर निवासी 29 वर्षीय सरोज पुत्र लालाराम अपने तीन भाइयों मे बड़ा था। वह दिल्ली में टेलरिंग का काम करता था। पिता लालाराम ने बताया कि शादी के कुछ महीने के बाद सरोज की पत्नी आपसी मन-मुटाव के चलते मायके झौनी पुरवा में पिता राजेंद्र प्रसाद के घर रही थी। सरोज 29 अक्टूबर की शाम को बाइक से ससुराल जा रहा था। पिहानी रोड झौनी पुरवा के पास पहुंचते ही वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में गहरी चोट पहुंची। लखनऊ में इलाज के बाद भी वह ठीक नहीं हो सका। कुछ दिन बाद परिजन उसे लेकर घर चले आए। जहां हाददसे के 41वें दिन सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

# स्टेशन पर अवैध वेंडिंग पर सख्ती के बावजूद धंधा जारी

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों के खिलाफ अभियान तो चलाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत दावों से उलट है। स्टेशन पर बिना अनुमति के घूमने वाले वेंडरों की न गतिविधियां कम नहीं हुई। बल्कि नए तरीके अपनाकर उनका धंधा और भी चमक गया। अधिकृत वेंडरों को क्यूआर कोडयुक्त पहचान पत्र बांटे जाने के बावजूद बाहर के लोग बेखौफ होकर रेलवे परिसर में खाद्य सामग्री बेच रहे हैं।

रविवार देर रात लगभग 10 बजे नई दिल्ली-जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस हरदोई स्टेशन से गुजरने वाली थी। यह ट्रेन रन-थ्रू है, यानी स्टेशन पर इसका कोई निर्धारित ठहराव नहीं होता। इसके बावजूद दो वेंडर पहले से ही दो पॉलिथिन में पैक खाना लेकर प्लेटफॉर्म पर खड़े नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन के आने से पहले ही वेंडरों को मालूम था कि उन्हें किस कोच में खाना देना है। ट्रेन के आते ही, जो सामान्यतया नहीं रुकती, अचानक करीब दो मिनट के लिए प्लेटफॉर्म पर रुक गई। इसी दौरान एसी कोच का पैंट्री स्टाफ नीचे उतरा और वेंडरों से खाना लेकर भुगतान कर फिर से ट्रेन में चढ़ गया। इसके बाद ट्रेन फिर से चल दी।


स्टेशन पर खड़े अवैध वेंडर। अमृत विचार

### मनमाने ढंग से सिग्नल लाल कर रोकी गई ट्रेन

**हरदोई, अमृत विचार।** घटना और भी संदिग्ध इसलिए मानी जा रही है क्योंकि इस ट्रेन का हरदोई में न ठहरना तय है, फिर भी स्टेशन पर सिग्नल लाल कर ट्रेन को रोका गया। जब इस बारे में स्टेशन अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि "गेट बंद नहीं था, इसलिए सिग्नल लाल रखा गया, लेकिन रात में ट्रैफिक कम होने के चलते क्रॉसिंग पर गेट न बंद होने की बात कई सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह कोई पहली घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से पैंट्री स्टाफ और कुछ स्टेशन कर्मियों की मिलीभगत से इस तरह की आपूर्ति होती रही है। जानकार बताते हैं कि अवैध वेंडिंग का यह नेटवर्क इतना मजबूत है कि रन-थ्रू ट्रेनों के समय, कोच नंबर और जरूरत के हिसाब से पहले ही वेंडरों को सूचना दे दी जाती है। इतना ही नहीं, कुछ कर्मचारियों की शह पर सिग्नल में फेरबदल भी कर दिया जाता है ताकि ट्रेन कुछ देर रुक सके और सामान आसानी से सौंपा जा सके। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठते हैं, बल्कि रेलवे नियमों की सीधी अवहेलना भी होती है। स्थानीय नागरिकों तथा यात्रियों का कहना है कि जब मंडल स्तर से कार्रवाई के आदेश जारी हैं और पहचान पत्र भी दे दिए गए हैं, तब भी अवैध वेंडिंग का जारी रहना सीधे-सीधे लापरवाही और मिलीभगत का परिणाम है। फिलहाल जरूरत है कि इस पूरे मामले की गहन जांच हो और जिन कर्मचारियों या वेंडरों की भूमिका संदिग्ध हो, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था बहाल हो सके।

# चकबंदी प्रक्रिया को समय सीमा में पूरा करें

## जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई


अनुनय झा, जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने गैरविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए।

डीएम ने कहा कि चकबंदी से संबंधित प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके। कहा कि 10 वर्ष पुराने मुकदमों को यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए व सर्वे कार्य भी समय से पूर्ण कराया जाए। चक कटना व चक का निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। चकबंदी कार्य का वीडियो फोटोग्राफी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, प्रफुल्ल त्रिपाठी, डीडीसी ज्ञानेश त्रिपाठी, एसओसी प्रकाश चन्द्र उत्तम, चकबंदी अधिकारी राजीव राणा एवं डॉ पुनीत शर्मा, सतेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


शिकायल लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

### करीब 200 साल पुराने कुएं को बचाने के लिए डीएम से गुहार

**हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम बिलालपुर नगर क्षेत्र में स्थित लगभग 200 वर्ष पुराने सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सीताराम सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं वर्षों से गांव के लोगों के लिए पेयजल का मुख्य साधन रहा है और धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी इसका उपयोग किया जाता था। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2015 के बाद कुएं की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे कुएं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त ऐतिहासिक और सार्वजनिक महत्व के कुएं को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसका संरक्षण कराया जाए। प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# अभियान चलाकर की गई जांच, 4 वाहन किए सीज

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के मुख्य चौराहे पर सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। पुलिस ने चार वाहनों को सीज कर भारी जुर्माना लगाया। जांच के दौरान कई वाहनों में आवश्यक कागज़ातों की कमी, प्रदूषण प्रमाण पत्र न होना और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाना पाया गया।

टीएसआई राम सजीवन ने बताया कि कार्रवाई के दौरान बिना डीएल बीमा फिटनेस प्रदूषण के चल रहे एक वाहन पर 22 हजार, दूसरे पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा नियमों के उल्लंघन एचएस आरपी प्लेट न होने प्रदूषण की कमी एवं ओवरहाइट पर 26 हजार रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया। इसके बगैर फिटनेस प्रदूषण पाये जाने पर 15 हजार का जुर्माना लगाया। सभी चार वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।



पकड़ा गया ओवरलोड वाहन।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

संवाददाता, हरियावां, हरदोई


जयजय राम की फाइल फोटो।

- विवाद के एक मामले में थाने जाते समय गन्ना से ओवरलोड ट्रक ने साइकिल मारी टक्कर, पत्नी बाल-बाल बची

**अमृत विचार।** पिहानी-हरदोई मुख्य मार्ग पर गदाईपुर पेट्रोल पम्प के पास हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी बाल-बाल बच गई। बेला कपूरपुर निवासी जयजय राम (60) अपनी पत्नी जयदेवी (58) के साथ एक मामले में गुहार लगाने के लिए थाना हरियावां जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में जयजय राम की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उनकी पत्नी हादसे में बाल-बाल बच गई। परिजनों के अनुसार वृद्ध के तीन बेटे गुड्डू, छोटू और रामकरण दिल्ली में मजदूरी करते हैं। गुड्डू की शादी हो चुकी है जबकि दो बेटे अविवाहित हैं। बुजुर्ग दंपति गांव में ही रहकर जीवनयापन कर रहे थे। गौरतलब है कि 2 दिसंबर को ही जयजय राम ने गांव के एक व्यक्ति (मुख्तार) के खिलाफ खेत की मेड़ जोतने और गाली-गलौज करने के संबंध में थाना हरियावां में लिखित शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस के उपनिरीक्षक शुभम पांडे ने मौके पर जाकर जांच की थी। मामला राजस्व विभाग से संबंधित होने पर पुलिस ने इसे संबंधित अधिकारियों को भेज दिया था। परिवार का कहना है कि बुजुर्ग दंपति इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे। थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। ट्रक व चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों में रोष

हरियावां में थाने जा रहे बुजुर्ग जयजयराम की सड़क में मौत के बाद ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने वृद्ध की शिकायत पर संतोषजनक कार्रवाई की होती तो शायद वह सोमवार को न थाने जाता और न ही हादसे में जान गंवाता। पुलिस वृद्धजनों को भी बार-बार थाने के चक्कर लगाने को मजबूर करती है।

### शहीद ग्रामों में कराए जाएं विकास कार्य

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना के अंतर्गत शहीद ग्रामों में विकास कार्य हेतु जनपद के 44 शहीद ग्रामों को पक्के संपर्क मार्ग से जोड़ा जाए। जिसे गौरव पथ का नाम दिया जाए। ग्राम मार्ग पर तोरण द्वार बनवाया जाए। शहीद हुए सैनिक की मूर्ति की स्थापना गांव के अंदर सरकारी जमीन पर उचित स्थान पर की जाए। गांव में विद्युत की व्यवस्था की जाए या हाई मास्ट लाइट लगवाई जाए। शहीद ग्राम की आंतरिक गलियों को पक्का किया जाए।

# लापता विवाहिता का मायके में फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई, सांडी


मनीषा की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** एक साल से मायके में रह रही युवती अचानक लापता हो गई। अगले दिन युवती का शव गांव में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतका के भाई ने बहनोई पर आरोप लगाया है कि वह अकसर बहन के साथ गाली-गलौज करता था। तीन दिन पहले नशे की हालत में घर आकर उसने गाली-गलौज की थी। उसी के चलते उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली।

साण्डी थाने के सैतियापुर निवासी चंद्रिका प्रसाद ने तीन साल पहले अपनी 22 वर्षीय बेटी मनीषा की शादी बेहटा गोकुल थाने के दुलारपुर निवासी वीरेंद्र सिंह के साथ की थी। मनीषा दो साल तक ससुराल में रही। एक साल से मायके में रह रही थी। रविवार की शाम वह अचानक लापता हो गई। खोजबीन के दौरान सोमवार की दोपहर उसका शव गांव के पल्लू के चांदनी के पेड़ से फांसी पर लटका देखा गया।

### पुलिस पर पीड़ित को परेशान करने का आरोप

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत प्रतापपुर गांव में लोग शराबियों के उपद्रव से परेशान हैं और पुलिस शिकायत करने पर पीड़ितों को ही परेशान कर रही है। गांव निवासी धुन्नी ने बताया कि उनके ही गांव के कुछ लोग आए दिन शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं और विरोध करने पर मारपीट करते हैं। बीते शुक्रवार को हुए विवाद में राजेश उसकी पत्नी सीमा व पुत्री रोली व धुन्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस से शिकायत करने पर आरोप है कि बार बार पुलिस बुलाकर परेशान कर रही है।


साइकिल से ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत सचिव। अमृत विचार

### साइकिल से ब्लॉक पहुंचे ग्राम पंचायत सचिव

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक शाहाबाद के सभी सचिव सोमवार को सुबह साइकिल चलाते हुए ब्लॉक पहुंचे। ब्लॉक अध्यक्ष मोहित पाठक ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी सचिव आज साइकिल से ब्लॉक पहुंचे। कहा कि जब हमें सरकार भत्ता ही साइकिल का दे रही है तो अब सभी काम साइकिल से जाकर ही करेंगे। वहीं विकास खण्ड सुरसा में भी सभी सचिव साइकिल चलाते हुए ब्लॉक पहुंचे। सचिव शिवम बाजपेई ने बताया कि सरकार हमें भत्ता साइकिल का दे रही है तो अब सभी सचिव काम साइकिल से जाकर ही करेंगे।

# बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, पिहानी, हरदोई


मेडिकल कैंप में बच्चे की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

- सेंट जेवियर्स स्कूल में दो दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन

**अमृत विचार।** सेंट ज़ेवियर्स स्कूल में दो दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। पहले दिन नेत्र परीक्षण, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, और दंत परीक्षण किए गए।

विद्यालय की प्रबंधतंत्र समिति ने कहा कि विद्यार्थियों का शारीरिक स्वास्थ्य ही उनकी शैक्षणिक और मानसिक प्रगति की आधारशिला है, इसलिए विद्यालय समय-समय पर ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि मेडिकल कैंप का उद्देश्य प्रत्येक छात्र के स्वास्थ्य का मूल्यांकन कर आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराना है। मेडिकल कैंप का समापन कल किया जाएगा, जिसमें शत प्रतिशत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण को सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

### विहिप की महाभारत बोध परीक्षा संपन्न

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** महाराजा सुहेलदेव जनसेवा न्यास के तत्वावधान में महाभारत बोध परीक्षा का सफल आयोजन विश्व हिन्दू परिषद की देखरेख में संपन्न हुई। परीक्षा एस.डी. जनता इंटर कॉलेज, मोहल्ला बजरिया, शाहाबाद में आयोजित की गई, जिसमें कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त मुस्ताक खां पब्लिक स्कूल, मोहल्ला मौलागंज में भी परीक्षा आयोजित हुई। जहां 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जबकि 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा संचालन में नगर अध्यक्ष का विशेष योगदान रहा। लोगों ने इस आयोजन की प्रशंसा की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से लैब टेक्नीशियन की मौत



**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कटरा-बिल्हौर हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार प्राइवेट लैब टेक्नीशियन को टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को सीएचसी मल्लावां लाया गया जहां डॉक्टर जितेंद्र पटेल ने मृत घोषित कर दिया।

मल्लावां कोतवाली के सलेमपुर गांव निवासी कृष्णपाल सिंह उर्फ़ राजू (30) पुत्र अर्जुन सिंह मल्लावां सीएचसी के सामने एक प्राइवेट लैब पर लैब टेक्नीशियन के रूप में काम करता था। सोमवार को शाम को लैब से वापस घर लौट रहा था। तभी गौरी चौराहा पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल लैब टेक्नीशियन को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर जितेंद्र पटेल ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। कृष्णपाल दो भाइयों में छोटा था। उसकी एक तीन वर्ष की बच्ची भी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**आयोजन** — राजकीय कृषि महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम के चौथे दिन विशेषज्ञों ने दिया संदेश

# ध्यान, मूल्य व स्वस्थ जीवनशैली से बनेगा भविष्य

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राजकीय कृषि महाविद्यालय में 15 दिवसीय अभिविन्यास सह-दीक्षारंभ कार्यक्रम के चौथे दिन छात्रों के लिए प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया। ध्यान, स्वास्थ्य, कल्याण और मूल्य-आधारित जीवन विषय पर केंद्रित कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को न केवल मानसिक और शारीरिक संतुलन का महत्व समझाया, बल्कि एक सकारात्मक, मूल्य-संपन्न और लक्ष्यपूर्ण जीवन जीने की दिशा भी दिखायी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सी.एल. मौर्या (डीन, जी.ए.सी. हरदोई) के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि किसी भी सशक्त राष्ट्र की नींव उसके स्वस्थ नागरिकों पर टिकी होती है। युवाओं की ऊर्जा तभी सार्थक दिशा में प्रवाहित हो सकती है जब उनका मन शांत और विवेकपूर्ण हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि छात्रों में नैतिकता, ईमानदारी, कर्तव्यबोध और सेवा की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। ध्यान, आत्मचिंतन और सकारात्मक सोच इन मूल्यों को जीवन में स्थापित करने के लिए अत्यंत प्रभावी साधन हैं। इसके बाद ब्रह्माकुमारी रोशनी दीदी ने राजयोग ध्यान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने छात्रों को समझाया कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल शरीर की मजबूती नहीं, बल्कि मन और आत्मा की स्थिरता का भी नाम है। उन्होंने कहा ध्यान हमें हमारी वास्तविक पहचान, यानी आत्मा के स्वरूप, तक ले जाता है।

### अनुशासन और सकारात्मक मानसिकता ही विद्यार्थियों की उत्पादकता बढ़ा सकती है

**हरदोई।** डॉ. एन.सी. शुक्ला (पूर्व प्राचार्य, केन सोसायटीज़ नेहरू पीजी कॉलेज, हरदोई) ने आधुनिक शैक्षणिक परिवेश में तनाव प्रबंधन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कल्याण का अर्थ केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत होना भी है। नियमित जीवनचर्या, संतुलित आहार, अनुशासन और सकारात्मक मानसिकता ही विद्यार्थियों की उत्पादकता बढ़ा सकती है। तीनों वक्ताओं ने यह संदेश दिया कि आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में व्यक्ति को अपने आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाकर ही सफलता प्राप्त हो सकती है।

### पंचायत भवन अराजक तत्वों का बना अड्डा

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** भरखनी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलौनी का पंचायत भवन बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों के अनुसार यहां शराबियों का जमावड़ा बना रहता है। परिसर में जगह-जगह शराब के खाली टेट्रा पैक और गिलास पड़े मिले हैं, जिससे साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पंचायत भवन में बने शौचालयों के गेट टूटे हुए हैं और अंदर गंदगी का अंबार लगा है। वहीं पंचायत भवन का मुख्य गेट भी क्षतिग्रस्त है, सीसीटीवी भी खराब हालत में मिला, जिससे भवन की निगरानी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन के मुख्य गेट के बाहर लोग अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर देते हैं और घूरा डालते हैं।

# तिलक होने के बाद युवक ने शादी से किया इनकार, युवती ने की खुदकुशी

संवाददाता, हरदोई, बिलग्राम


पायल की फाइल फोटो।

- गोदभराई और तिलक के बाद 20 फरवरी को आनी थी बारात
- मामले की जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** गोदभराई और तिलक होने के बाद युवती की 20 फरवरी को बारात आनी थी। युवक और युवती के बीच फोन पर बातचीत भी होने लगी थी। युवती के घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थी। उसी बीच युवती के मंगेतर ने शादी करने से इनकार कर दिया। जिससे निराश युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला मण्डई निवासी दिलीप कुमार की पुत्री पायल (18) ने रविवार की शाम फांसी लगा ली थी। दादा ने पोती को फंदे से लटका देखा तो शोर मचाया। दरवाजा तोड़कर उसे सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बेटी का शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया। पायल से छोटे उसके दो भाई राज और रजत हैं। भाई राज ने बताया कि पिता के न रहने के बाद वह दोनों भाई और मां रेखा बाहर रहकर मेहनत-मज़दूरी करते हैं। बहन पायल गांव में दादा प्रकाश और दादी के पास रहती थी। राज ने आगे बताया कि फर्रुखाबाद के चांदपुर अमेठी निवासी अमित से पायल की शादी तय थी। गोदभराई और तिलक होने के बाद 20 फरवरी को बारात आनी थी। राज ने आरोप लगाते हुए बताया कि घर में शादी की तैयारियां हो रहीं थीं। पायल और अमित एक-दूसरे से फोन पर बातें किया करते थे। रविवार को दोनों के बीच बात हुई। अमित ने शादी से इंकार कर दिया, उसी सदमें में पायल ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

### अवैध निर्माण कर बनाई गईं चार दुकानों को ढहाया गया

**लहरपुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में अवैध निर्माण और बिना अनुमति प्लाटिंग पर तहसील प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र के निकट मुख्य मार्ग पर नवीन परती भूमि गाटा संख्या 1822 के एक हिस्से पर बनी चार दुकानों को कोर्ट के आदेश पर बुलडोजर से ढहा दिया। एसडीएम आकांक्षा गौतम के मुताबिक, मातनपुरवा निवासी साजिद खान द्वारा परती भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कराया गया था। हालांकि इस संबंध में पूर्व में ही धारा 67 के तहत उन्हे नोटिस जारी किया गया था। इसके अलावा लहरपुर-बिसवा मार्ग व अन्य स्थानों पर भी बिना अनुमति के चल रही प्लाटिंग को रोकते हुए जेसीबी से ईंटें हटवाई गईं। कार्यवाही के दौरान ग्राम खानपुर सादात में करीब छह बीघा भूमि पर तैयार की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया।

### शीत गृहों से 99.5% आलू की निकासी पूरी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी राजश्री ने बताया कि जिले में संचालित कुल 15 शीतगृहों में वर्ष 2025 में 94 हजार 56 मीट्रिक टन आलू का भंडारण किया गया था। बताया गया कि मौजूदा समय तक लगभग 99 .5 प्रतिशत आलू की निकासी हो चुकी है, जबकि नगण्य मात्रा ही शेष बची है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन किसानों का आलू अब भी शीतगृहों में रखा हुआ है, वे तत्काल निकासी करा लें, जिससे किसी प्रकार के आर्थिक नुकसान से बचा जा सके। उद्यान विभाग ने किसानों से समय सीमा का पालन करने और शीतगृह संचालकों से संपर्क कर अवशेष स्टॉक उठाने की अपील की।

# बैरियर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

## शहर के 11 बटालियन आयुध भंडार के सामने हुआ हादसा, दोनों ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

रफ्तार की मार

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र में देर रात तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों की पीएसी मार्ग पर लगे बैरियर से टकराकर मौत हो गई। हादसा आयुध भंडार के सामने हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक 10 फीट दूर जाकर गिरी और दोनों युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े रहे। पुलिस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। तालगांव थाना क्षेत्र के करसेवरा निवासी हसीमुद्दीन पुत्र रिजवान



हादसे के बाद जिला अस्पताल में मौजूद पीएसी अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

अहमद और रामपुर कला थाना क्षेत्र के पलिया कला गांव निवासी मनीराम पुत्र मैकू बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान पीएसी के सामने सड़क पर लगे बैरियर से बाइक टकरा गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी तत्काल मौके पर पहुंचीं और एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नगर कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ल के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार का प्रतीत हो रहा है। वहीं, आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक शराब के नशे में वाहन चला रहे थे। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### पेड़ से टकराई ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक सुरक्षित

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र में लहरपुर-बिसवां मार्ग पर ग्राम रुढा भवनाथपुर के निकट एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पेड़ों से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे नीचे उतर गई, लेकिन चालक बाल-बाल बच गया। गनीमत रही कि घटना के समय सड़क पर अन्य वाहन न होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे से बाहर निकाला गया।

# कुंडी खटखटाओ अभियान में मंत्री ने घोली मिठास, बनायी जलेबी

**सीतापुर, अमृत विचारः** नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कुंडी खटखटाओ अभियान के दौरान उन्होंने शहर के तरीनपुर क्षेत्र में एक हलवाई की दुकान पर पहुंचकर अचानक जलेबी बनानी शुरू कर दी। दुकान पर मौजूद लोगों ने इस अनोखे नजारे को मोबाइल में कैद किया, जो कुछ देर में ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पहले हलवाई का काम देखने और सीखने का शौक था। कड़ाही के पास खड़े होकर उन्होंने जलेबी घुमाने के साथ ही दुकानदारों और क्षेत्रीय व्यापारियों से बातचीत की। दुकानदार रामगुलाम से व्यापारिक समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया



जलेबी बनाते नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू। अमृत विचार

कि पारंपरिक व्यवसायों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अभियान के दौरान मंत्री ने बूथ संख्या 101 से 106 तक जनसंपर्क कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा नेता जया सिंह सहित कई पदाधिकारी साथ रहे।

# खैराबाद फलपट्टी पर बना प्लाटिंग निर्माण ढहा

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** खैराबाद फलपट्टी पर तैयार कंक्रीट ढहाई गईं। अमृत विचार की खबर का असर ऐसा हुआ कि फलपट्टी को ढहाने वाले कारिंदों को अपना अतिक्रमण बचाने का मौका नहीं मिला। दोपहर बाद पहुंची एसडीएम सदर के निर्देश जेसीबी ने खैराबाद स्थित सीतापुर- बहराइच मार्ग पर विशुननगर चौराहे पर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया गया।

खैराबाद फलपट्टी का पिछले कई सालों से पेड़ काटकर दोहन किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग के सहारे इसी इलाके में



पहले आम से खास, अब प्लाटिंग बन रही सुर्खियां

अमृत विचार में प्रकाशित खबर ।

कई कॉलोनियां बसा दी गईं। इस मुद्दें को अमृत विचार ने तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के समय उठाया तो उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जांच में पता चला कि शहर और खैराबाद के आसपास 26 से अधिक कॉलोनियां नियमों से इतर बसा दी गईं। नगर मजिस्ट्रेट की ओर से नोटिस दी गई लेकिन ठोस कार्रवाई समय से नहीं हो सकी। तेज तर्रार डॉ. राजागणपति आर. के आने पर लोगों ने फलपट्टी को बचाने की मुहिम फिर से आरंभ की। अमृत विचार ने इस मुद्दे को प्रमुखता



निर्माण कार्य को ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

से प्रकाशित किया। डीएम ने संज्ञान लेते हुए एसडीएम सदर धामिनी एसदास को निर्देश दिए। तथ्यपरक जांच के बाद विशुननगर चौराहे के निकट की गई प्लाटिंग को ढहाया गया।

# नैमिषारण्य में नपा की सोलर लाइट हुई चोरी

**नैमिषारण्य, सीतापुरः** तीर्थ नगरी के विभिन्न वार्डो में खराब हो रहे सोलर लाइटों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। कारण यह कि जिम्मेदारों को इसकी खबर नहीं स्थानी निवासियों ने बताया एक सोलर लाइट पंच प्रयाग तीर्थ के पास नगर पालिका के द्वारा लगवाई गई थी लेकिन जब वह खराब हो गई तो रात के अंधेरे में कोई अज्ञात व्यक्ति से चोरी कर ले गए, अमन लाला के मुताबिक अभी तक जिम्मेदारों के द्वारा चोरी हुई सोलर लाइट का कोई पता नहीं लगाया गया है। ऐसे में स्थानी निवासियों को रात के अंधेरे में कई प्रकार की असुरक्षाओं का सामना करना पड़ रहा है और कार्य भी बाधित हो रहे हैं लोगों का यह भी कहना है की मंदिर के पास अंधेरा रहने से किसी भी प्रकार के अपराधों की भी संभावना रहती है और कोई भी अराजकतत्व मूर्तियां भी क्षतिग्रस्त कर सकता है। ऐसे में सोलर लाइटों का लगना बेहद जरूरी है ताकि बढ़ती हुई वारदातों को रोका जा सके।



कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

### एआईएमआईएम ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष नियाज हुसैन के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जिले में बढ़ती जनसमस्याओं को गिनाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रमुख रूप से अवैध माल ढुलाई, ट्रक व ट्रेलरों की ओवरलोडिंग और अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगाने का उल्लेख किया। पार्टी ने अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, पैथोलॉजी और नर्सिंग होम पर कार्रवाई के साथ शहर में अतिक्रमण हटाने, ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तथा सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण, नो-एंट्री में ट्रकों की समय-सीमा तय करने, सड़क चौड़ीकरण और निजी स्कूलों की फीस वसूली पर नियंत्रण की बात भी शामिल रही। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीएम-बीपीएम का रोका 15 दिन का वेतन

- **जिलाधिकारी ने सीएचसी कसमंडा का किया औचक निरीक्षण, बेडशीट कलर कोडिंग न होने पर जतायी नाराजगी**

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा के औचक निरीक्षण में जिलाधिकारी को कई कमियां मिलीं। बेडशीट कलर कोडिंग न होने पर बीएम और बीपीएम का पंद्रह दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं कुछ रजिस्टरों की अनियमितता पर दो स्टाफ नर्सों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। विभिन्न वार्डों व कक्षों की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कक्ष, पीएमसी वार्ड, मातृ सुरक्षा केंद्र,



सीएचसी कसमंडा में वैक्सीन चेक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर. अमृत विचार

लेबर रूम और औषधि कक्ष का गहन अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने स्टाफ नर्सों से प्रसव के दौरान उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी ली और मरीजों से भोजन व बेडशीट संबंधी व्यवस्था के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। बेडशीट की कलर कोडिंग न मिलने पर उन्होंने बीएम मो. आरिफ व बीपीएम कोहनूर सिंह का 15-15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। मातृ सुरक्षा केंद्र में रजिस्टरों के अवलोकन के दौरान रेफर, एचआरपी और लेबर रूम रजिस्टर में कमियां मिलने पर स्टाफ नर्स आराध्या व प्रतिभा को नोटिस देने को कहा। डीएम ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं से फोन पर वार्ता कर इलाज व समस्याओं की जानकारी ली। औषधि कक्ष में दवाओं की उपलब्धता जांची और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सभी कक्षों में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता और अवस्थापना सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार, केंद्र प्रभारी राजीव वर्मा समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पंकज अर्कवंशी बने अग्निवीर हुआ भव्य स्वागत

**रामगढ़, सीतापुरः** विकासखंड गोंदलामऊ के ग्राम बक्छेरवा में निर्धन परिवार में जन्मे लाल ने आर्मी के अग्निवीर परीक्षा को पास कर गांव और समाज का नाम रोशन किया। बक्छेरवा ग्राम पंचायत के प्रधान जनमेजय अर्कवंशी ने बताया कि बक्छेरवा गांव के पंकज अर्कवंशी पुत्र रमेश अर्कवंशी ने अग्निवीर में फिजिकल पास होने के बाद ट्रेनिंग के लिए गए हुए थे। वापस आने पर गांव वालों ने स्वागत सम्मान किया। पंकज ने सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया है। कोढ़िकापुर ग्राम पंचायत के प्रधान धर्मेंद्र अर्कवंशी, विमल अर्कवंशी, आशीष अर्कवंशी, मुकेश अर्कवंशी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अयोध्या में गूंजती है रामधुनः नितिन

- **निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए आबकारी मंत्री ने आजम खां की सेहत के लिए परिवार को दी सलाह**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल देर शाम पहुंचे। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनीन्द्र अवस्थी के आवास पर उनकी दिवंगत पत्नी नमिता अवस्थी के निधन पर शोक व्यक्त किया। मंत्री ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अयोध्या के बदलते स्वरूप को सरकार की सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि आज अयोध्या में बूटों की आवाज नहीं, बल्कि रामधुन गूंजती है। उन्होंने



पूर्व जिपं उपाध्यक्ष की पत्नी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

अखिलेश यादव के आरोपों और मायावती की जनसभा पर भी प्रतिक्रिया दी। कफ सिरप प्रकरण पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि राजनीति मुद्दों पर होनी चाहिए, बेवजह आरोप-प्रत्यारोप से जनता ऊब चुकी है और विकास को तरजीह देती है। उन्होंने कहा कि आज हर आदमी विकास की ओर अग्रसर है और हर कीमत पर अपना विकास ही चाहता है।

मायावती की नोएडा जनसभा पर सवाल होने पर उन्होंने कहा कि मायावती बड़ी नेता हैं, उनका व्यापक जनाधार है, राजनीति में हर दल का वजूद रहता है। सपा नेता आजम खान की तबीयत बिगड़ने और इलाज से इनकार की खबर पर आबकारी मंत्री ने चिंता जताई। कहा ऐसी स्थिति में परिवार आगे आए और बेहतर इलाज सुनिश्चित करे। राजनीति बाद में भी हो सकती है, फिलहाल स्वास्थ्य प्राथमिकता होनी चाहिए।



कलेक्ट्रेट परिसर में मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

### प्रधान पद के आरक्षण को लेकर ग्रामीण मुखर, सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** आरक्षण को लेकर मांग उठने लगी है। विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत बिरैंचा से बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रधान पद के आरक्षण की मांग सहित तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. से मिलने बड़ी संख्या में ग्राम सभा बिरैचा के पिछड़ा वर्ग से जुड़े लोग पहुंचे। ग्रामीण आकाश, दृगपाल, विश्वनाथ, शिवसागर, मुन्ना लोधी, अमित, सूरज सहित अन्य लोगों का दावा है कि उनकी ग्राम पंचायत में लगभग डेढ़ हजार के करीब पिछड़ा वर्ग के लोग निवास करते हैं। शिकायतों के बाद जब कोई नतीजा नहीं निकला और ऑनलाइन डाटा खंगाला तो पता चला कि उक्त ग्राम पंचायत में पिछड़ा वर्ग का रिकार्ड ही नदारद थी। बताते हैं कि इसी कारणों ने उन्हें पंचायत चुनाव में आरक्षण पद का लाभ नहीं मिला है। आरोप है कि ऊंची रसूखदारों ने जनसंख्या डाटा में धांधली कराई है। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तीन सूत्री मांग पत्र मुख्य विकास अधिकारी प्रणता एश्वर्य और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

### मोनिका बनीं अवध प्रांत की अध्यक्ष

**सीतापुर, अमृत विचार :** मदर्स प्राइड स्कूल की संचालिका मोनिका आनंद को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नरेंद्र मोदी विचार मंच (महिला शाखा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ज्योति श्रीवास्तव ने इन्हें अवध प्रांत का अध्यक्ष बनाया है। मोनिका आनंद बताती हैं कि ये मेरे और मेरे जनपद के लिए गर्व का विषय है, संगठन ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी है, उसे मजबूती से अमल में लाया जाएगा। संगठन को विस्तार और मजबूत किया जाएगा। ताकि महिलाओं में राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना दृढ़संकल्पित हो। नियुक्त के संबंध में संगठन के मुख्य पदाधिकारी आदि को भी नियुक्ति की जानकारी भेजी गई है। नियुक्ति को लेकर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सांसद अशोक रावत, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक आशा मौर्या, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक निर्मल वर्मा, विधायक मनीष रावत, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



नियुक्ति पत्र के साथ मोनिका आनंद। अमृत विचार

# 3 निजी अस्पतालों का रोका संचालन

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य महकमे ने निजी अस्पतालों में छापेमारी की। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने सिटी हॉस्पिटल से छापेमार कार्रवाई का आरंभ किया। नवजीवन और मर्सी हॉस्पिटल में कागजी खामियां मिलने पर विभाग ने दोनों अस्पतालों के संचालन पर रोक लगा दी। जांच टीम में डॉ. आदित्य प्रताप सिंह और विजय प्रताप सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल रहे। इसी कड़ी में टीम नगर के नवजीवन हॉस्पिटल पहुंची। जाँच के दौरान संचालक पंजीकरण से जुड़े आवश्यक



सीज निजी अस्पताल के बाहर स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर टीम ने अस्पताल के संचालन पर रोक लगाते हुए तत्काल ताला जड़ा। इसी के बाद टीम सीतापुर मार्ग स्थित मर्सी हॉस्पिटल पहुंची। जांच के दौरान टीम को यहां भी कमोबेश वहीं स्थितियां मिलीं। दस्तावेजों में घालमेल मिलने पर कार्रवाई करते हुए संचालन पर रोक लगाई। टीम की अचानक कार्रवाई की खबर फैलते ही नगर में हड़कंप मच गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बाजपेई ने बताया कि सिटी हॉस्पिटल में एक दाई के माध्यम से प्रसव कराए जाने की शिकायत पर जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण के संचालित किसी भी अस्पताल पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।





समरसता दिवस में सम्मानित छात्राएं। अमृत विचार

### एबीवीपी ने समरसता दिवस पर मेधावियों को किया सम्मानित

**लहरपुर, सीतापुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान भाषण, पोस्टर, मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रवासी कार्यकर्ता व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अमित नाग, कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह और मुख्य वक्ता अतुल अवस्थी ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने देश को समानता, न्याय और मूल अधिकारों की राह दिखाई। कार्यक्रम में आराध्या शुक्ला, मोनिका राजवंशी, अंशिका शुक्ला, जानवी राज, राधिका पांडेय, आशु गौतम, शगूफी, इरम, साक्षी सिंह सहित विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने शीर्ष स्थान हासिल किए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सनी यादव, नगर मंत्री अभिजीत गौड़, मनु राजपूत, अंशुल यादव, प्रियांशु, सत्येंद्र मिश्रा, हर्ष पांडे सहित एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तैलिक समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

**खैराबाद, सीतापुर :** तैलिक समाज कल्याण समिति की बैठक मोहल्ला काजियारा स्थित दिलीप जायसवाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष कुलदीप जायसवाल ने नगर कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए दायित्वों का वितरण किया। इस दौरान नगर महामंत्री का पद पनावडिया वार्ड के सभासद उमेश जायसवाल को दिया गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कुलदीप जायसवाल (पिंकू) को सौंपी गई। नगर अध्यक्ष ने बताया कि समाज की समस्याओं को लेकर जल्द ही नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' एवं नगर पालिका प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। कजियारा रोड, राशन कार्ड व अन्य स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

# खेत बने तालाब, आवागमन में बाधा

**लहरपुर, सीतापुर :** लहरपुर तहसील क्षेत्र के कई हिस्सों में खुलेआम खनन हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत भी कारगर नहीं बन पा रही है। ताजा मामला हटिया हवेली गांव का है। यहां खनन अधिकारी से शिकायत किये जाने के बावजूद खनन जारी रहा। वहीं खनन अधिकारी का कहना है कि कार्रवाई लगातार जारी है, एक वाहन पर जुर्माना भी लगाया गया है। हाल दिनों की बात की जाए, तो लहरपुर तहसील स्थित कसरैला पुल चौराहे के नजदीक सड़क किनारे दबंगों ने अपनी ही जेसीबी की मदद से खुलेआम खनन किया। शिकायतों के बावजूद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसी कड़ी में हटिया हवली कई ट्रैक्टर-ट्राली और श्रमिकों की मदद से मिट्टी का दिन पर दोहन किया जाता रहा। ग्रामीणों के अलावा सामाजिक वर्गों से जुड़े लोगों ने इसकी शिकायत खनन अधिकारी से की।



हटिया हवेली गांव के बाहर खेत में होता खनन।

आरोप है कि नगर क्षेत्र से सटे ग्राम हटिया हवेली के अलावा प्रहलादपुर, गंगुवा बेहड़, लच्छन नगर, मकनपुर सहित अन्य ग्रामों में भारी मात्रा में मिट्टी का खनन हुआ है। जिला खनन अधिकारी शालिनी कुमारी का कहना है कि किसी एक व्यक्ति ने उनसे फोन पर शिकायत की है, जांच कराई जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम का निरीक्षण, तीन क्लीनिक सीज

**महोली, सीतापुरः** जिले में जब से डीएम डॉ. राजागणपति आर ने स्वास्थ्य विभाग की नब्ज टटोली है तब से महकमा सजग हो चला है। इसी क्रम में महोली में सीएचसी के अधीक्षक और एसडीएम महोली देवेंद्र मिश्रा आदि की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर और क्लीनिक आदि पर छापेमारी कर सीज करने की कार्रवाई की गई। दरअसल डीएम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के बाद दिए गए सख्त निर्देशों के बाद सीएचसी अधीक्षक दीपांशु शुक्ला ने महोली क्षेत्र के मस्जिद बाजार, महोली शहर, रिछाही आदि स्थानों पर संचालित मेडिकल स्टोर और क्लीनिकों का निरीक्षण किया इस दौरान जांच में पता चला कि संचालकों के पास किसी प्रकार के प्रपत्र उपलब्ध नहीं है। निरीक्षण के बाद सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित चांदसी दवाखाना, भार्गव मेडिकल स्टोर, क्लीनिक और मां हेल्थ केयर आदि जगहों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया है।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में हुई मारपीट एक व्यक्ति घायल

**खीरों :** थाना क्षेत्र के गांव सेहरामऊ निवासी संजीत कुमार ने आरोप लगाया है कि मेरे पड़ोसी श्रीनंद से पुरानी नाली को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते शनिवार की रात श्रीनंद, उनके पुत्र ओमप्रकाश, पत्नी लीलावती व पुत्री सुनीता ने मेरी बुजुर्ग मां से मारपीट पर आमादा हो गए। विरोध करने पर मुझे लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात के खिलाफ एफआईआर

**खीरों :** श्यामा गुप्ता पत्नी रामबाबू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बरभनखेड़ा मोड़ पर लालगंज रोड लच्छीपुर में मेरा मकान और परचून की दुकान है। शुक्रवार को को शाम बाइक सवार युवक मेरे गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### लेखपाल के निधन से छाया शोक

**जगतपुर :** सिद्धौर गांव के रहने वाले लेखपाल पशुपतिनाथ द्विवेदी गौरीगंज के सदर में लेखपाल पद पर तैनात थे। काफी दिनों से वह बीमार चल रहे थे। लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में वह अपना इलाज कराने हुए थे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर है।

### साइकिल चोर को भेजा जेल

**लालगंज :** लालगंज कस्बे में साइकिल चोरी करके भाग रहे राजकुमार उर्फ बचान पुत्र शीतल दीन निवासी धनाभाद को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। सब्जी मंडी निवासी अविनाश शर्मा की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने साइकिल चोरी का मामला दर्ज कर राजकुमार को जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी गई साइकिल भी बरामद किया है।

### नेत्र शिविर में 19 रोगी किए गए चिह्नित

**शिवगढ़ :** क्षेत्र के पूर्व प्रधान स्व .विष्णु कुमार गोस्वामी की स्मृति में रविवार को शिवगढ़ नगर पंचायत के सराय छात्रधारी में आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर रायबरेली द्वारा नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। डॉ .धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची पांच सदस्यीय नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा 114 नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें से 19 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक हरेन्द्र श्रीवास्तव, नेत्र विशेषज्ञ किरण मौर्य, शिवम, योगेंद्र यादव, सुमित चौधरी, भानु प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, देवी बक्स, सुरेश चतुर्वेदी, पंकज मिश्रा, सुधांशु श्रीवास्तव, विकास, सनी, राजकुमार, अंकित , पंकज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### आचार्य ने कराया हवन-पूजन

**रायबरेली :** सर्वोदय नगर में चल रही सप्त दिवसीय श्री राम कथा के विश्राम दिवस के पश्चात विधि विधान से आचार्य मधुरम ने हवन कराया। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में प्रेम नारायण त्रिवेदी उनकी धर्मपत्नी मालती त्रिवेदी, प्रतिभा पांडे, मान बहादुर सिंह, उर्मिला सिंह, शिवनंदन सिंह, निर्मला सिंह, संजय श्रीवास्तव, सुरेश चौरसिया, अपर्णा चौरसिया, संजयानंद उपाध्याय, कुलदीप पांडे, विद्योतमा पांडे, मीना सिंह, मंजू रानी त्रिवेदी, शिवकुमार वर्मा, भूवेन्द सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने का प्रयास

**सरेनी, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के मुरारमऊ स्थित दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किया। प्रबंधक सुशील वर्मा ने कहा कि विद्यालय में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रूचि पैदा करने के उद्देश्य से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य पूजा शुक्ला ने कहा कि ऐसी यात्रा से बच्चे किताबी तनाव से मुक्त होते हैं तथा तरोताजा होकर फिर से पढ़ाई में जुटते हैं। इसके अलावा जिन तथ्यों को वह किताब में देखते है उन्हे प्रत्यक्ष रूप से देखने से उनकी रूचि भी जागृत होती है। शिक्षक सतीश कुमार ने बताया कि 45 छात्र-छात्राओं ने लखनऊ में इमामबाड़ा, साइंस सिटी, रूमी दरवाजा, घंटाघर सहित अन्य स्थलों का भ्रमण करके जानकारी प्राप्त की।



लखनऊ में भ्रमण के दौरान मौजूद दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल के बच्चे, शिक्षक।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात का मुख्य केंद्र बिंदु प्रदेश में हिंदू संगठन की राज्य स्तरीय भूमिका, सामाजिक सहभागिता, सांस्कृतिक संरक्षण और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा रहा।

प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन की गतिविधियों को जनसरोकारों से और अधिक जोड़ने, प्रदेशभर में हिंदू समाज की एकजुटता को सुदृढ़ करने तथा सांस्कृतिक अभियानों को गति देने से जुड़े विचार उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इस दौरान उत्तर प्रदेश में हिंदू महासभा द्वारा भविष्य में संचालित किए जाने वाले कार्यक्रमों और जनजागरण पहलों पर सार्थक विमर्श हुआ। दूसरे चरण में वार्ता का फोकस सरेनी विधानसभा क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं पर रहा, जहां शैलेंद्र ने क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की प्रगति, अधूरी जरूरतों और जनता की अपेक्षाओं को विस्तार से रखा। उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवागमन, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर त्वरित हस्तक्षेप और दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता रेखांकित की।

**शिष्टाचार भेंट**

- मुलाकात का उद्देश्य आगामी कार्ययोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

वहीं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि सरकार सरेनी व आसपास के क्षेत्रों की परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाने और रुकावटों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलते अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री। अमृत विचार

# शौचालय में लगा ताला, महिला मरीज परेशान

## जिला महिला अस्पताल में शासन की सख्ती के बावजूद जिले में नहीं सुधर रही स्वास्थ्य सुविधाएं

**हलाकान हो रहे रोगी**

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला महिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं चरम पर है। यहां महिला रोगियों को जांच में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहीं तालों से शौचालयों की कुंडी बंद है तो कही कर्मियों का घटिया व्यवहार और काम को एक दूसरे पर टालने का चलन बनता जा रहा है। कर्मियों की मनमानी से बदनाम हो रही प्रदेश सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर महिला सीएमएस बिलकुल संजीदा नजर नहीं आ रही है। शायद यही कारण है कि यहां आने वाली अधिकांश महिला रोगियों को उनकी लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। खैर अस्पताल में व्याप्त इस तरह की तमाम समस्याएं महिला सीएमएस डॉ निर्मला कुमारी के चार्ज लेने के बाद से सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं।





जिला महिला अस्पताल के शौचालय में लगा ताला। अमृत विचार

अमृत विचार के कैमरे में कैद यह तस्वीर यहां की व्यवस्था से रूबरू कराती है। दरअसल यह जिला महिला अस्पताल रेडियोलॉजी विभाग परिसर है। सोमवार को यहां पर महिलाएं लैब में जांच कराने आई थी। स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार महिलाओं वाली बीमारी (प्रेग्नेंसी) की जांच के लिए जब किट देकर उन्हें विधि समझा कर भेजा गया तो महिलाओं को शौचालय बंद मिला। शौचालय का ताला और कुंडी कोई न खोल सके इसलिए शायद उसमें दो ताले विधिवत मजबूती के साथ लगे थे। काफी प्रयास के बाद दूसरा शौचालय उन्हें नहीं मिला। इधर उधर खोजने के बाद वह फिर से ताले से जकड़े शौचालय के पास पहुंची और परेशान थी। क्योंकि दीवारों पर साफ साफ महिला प्रसाधन लिखा था इसलिए वह और भी परेशान थी।

काफी इंतजार करने के बाद उन्हें अस्पताल की बिल्डिंग के पीछे खुले में बताई गई जांच प्रक्रिया को करना पड़ा। मरीज होने के साथ साथ महिला को आए दिन इस तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है, जो कि जांच का विषय है।

**अल्ट्रासाउंड, प्रेग्नेंसी और लिखी गई थी खून जांच:** सोमवार को एक महिला रोगी अपना इलाज कराने जिला महिला अस्पताल आई थी। इस दौरान उसने अमृत विचार को बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के बताने और किट देने के बाद प्रेग्नेंसी (गर्भावस्था) की जांच के लिए जब वह शौचालय गई तो उसमें दो ताले और कुंडी बंद थी। काफी खोजने के बाद वह फिर से वहां पहुंची तब भी वह बंद था। जांच में विलंब होने के चलते उसने बताया कि खुले में बिल्डिंग के पीछे ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। साथ में उसका पति भी परेशान था।

**पूछने पर अभद्रता करते हैं कर्मचारी**

जिला महिला अस्पताल में महिला रोगियों के शौचालय पूछने पर स्वास्थ्य कर्मी ठीक से बात करने की जगह अभद्रता करते हैं। यहां आने वाली अधिकांश महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र की होती हैं जो संकोच और कर्मियों के अच्छा बर्ताव न करने पर डरती भी हैं। जिसका जीता जगता उदाहरण सोमवार को इलाज कराने आई महिला है। उसका कहना है कि कुछ भी पूछने पर कर्मचारी ठीक से बात तक नहीं करते।

**खुला तो है शौचालय का दरवाजा: सीएमएस**

जिला महिला अस्पताल रेडियोलॉजी विभाग परिसर में ताले से बंद किए गए शौचालय को सीएमएस डॉ. निर्मला कुमारी साहू खुला बता रही हैं। पूछने पर उन्होंने कहा कि नहीं-नहीं शौचालय खुला है। अब इन्हें इस बात पर भरोसा करने से ज्यादा शायद सिर्फ खुद की बात और किए पर ही विश्वास रखती हैं। यदि वह यहां की व्यवस्था और होने वाली समस्याओं को महिला रोगियों से कभी जानने का प्रयास करती तो शायद उन्हें पद की गरिमा, स्वयं के किए की तस्वीर साफ होती और बंद शौचालय को खुला हुआ न कहती।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार युवक का मिला शव

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार युवक का शव सड़क किनारे मिलने से हड़कंप मच गया।



संदीप की फाइल फोटो।

कोतवाली अंतर्गत कस्बा सलोन के मोहल्ला औना सदरा बिटियन का पुरवा निवासी संदीप (20) पुत्र मोहनलाल मानिकपुर मार्ग स्थित पशुओं के बिकने वाले चारे में दिहाड़ी श्रमिक का काम करता था। रविवार की शाम चारे की दुकान से भाई की दवा लाने की बात कहकर युवक बाइक से निकला था, लेकिन देर रात वह घर नहीं लौटा। सोमवार तड़के ख़्वाजापुर गांव के समीप सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक के साथ युवक का शव मिलने की सूचना पर सनसनी मचा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस का कहना था कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। जबकि परिजन सड़क हादसा मानने से इंकार कर रहे हैं। वहीं कोतवाल राघवन कुमार सिंह का कहना है कि सीएचसी से मिली सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला युवती का शव, डलमऊ:** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे बीचला डलमऊ निवासी राजेश कुमार की 16 वर्षीय पुत्री आंचल का कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना परा पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि परिजनों द्वारा मौत का सही कारण नहीं बताया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य सामने आएंगे।

**हड़कंप**

- ख़्वाजापुर गांव के समीप सड़क किनारे मिला दिहाड़ी मजदूर

**युवक ने फांसी लगाकर दी जान, ऊंचाहार:** कस्बे के अलीगंज मोहल्ला निवासी रामबहादुर के बेटे अरुण ने घर के अंदर कमरे में पंखे की हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। कोचिंग से बहन आशमा घर पहुंची तो भाई को फंदे से लटकता देख अवाक रह गई। आसपास के लोगों और परिजनों ने उसे नीचे उतारकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामबहादुर ने बताया कि अरुण तीन भाई बहनों में मंझला था और मुंबई में मजदूरी का काम करता था।

वहीं कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दवा व्यवसायी से पांच लाख की टप्पेबाजी, मचा हड़कंप

संवाददाता, अमावां (रायबरेली )

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रतापुर चौराहे के पास एक दवा व्यापारी से कुछ लोगों द्वारा पांच लाख की टप्पे बाजी का मामला प्रकाश में आया है । दवा की बड़े व्यापारी बनकर आए युवकों द्वारा रुपए लेकर फरार होने के बाद दवा के कारोबारी को अपने साथ टप्पे बाजी होने की जानकारी हुई। तो पीड़ित दवा कारोबारी ने सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है । सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौवहार ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम रवाना की और मामले की गहन पड़ताल शुरू कर दी है ।

बछरावां थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव निवासी सत्येंद्र कुमार झा दवा का कारोबार करते हैं। अपने साथी के माध्यम से सत्येंद्र कुमार की इंस्टाग्राम पर कुछ दवा के बड़े कारोबारियों से जान पहचान हुई थी। पहले से तय समय के मुताबिक रतापुर चौराहे के पास दोपहर करीब 2:00 बजे सत्येंद्र कुमार झा पहुंच गए । दोनों के बीच दवा की डील फाइनल होने पर एडवांस पांच लाख देने के लिए भी सत्येंद्र अपने साथ ले गया था। चौराहे के पास के एक होटल में इंस्टाग्राम वाले कारोबारी की सत्येंद्र से मुलाकात हुई । इस दौरान सत्येंद्र से आरोपी युवकों ने पांच रुपए ले लिए और बिना किसी बातचीत के अपनी कार से युवक फरार हो गए। टप्पेबाजी होने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौवहार ने इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह से घटना की जानकारी ली और आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें रवाना की । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार ने बताया दवा के व्यापारी की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**शरारती तत्वों ने छप्पर में लगाई आग, जगतपुर:** थाना क्षेत्र के जढैया गांव रहने वाले करन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह छप्पर रखकर गांव में ही सब्जी की दुकान लगाता है। बीती रात शरारती तत्वों ने उसके छप्पर में आग लगा दिया, जिससे सबकुछ जल गया। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जगतपुर थानेदार पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी।

**सड़क हादसे में पत्रकार घायल**

**सरेनी (रायबरेली), अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मीठापुर निवासी पत्रकार अमरेश पटेल उर्फ मिलन बाइक से अपनी बहन के घर कुर्मी सराय जा रहे थे। जैसे ही वह गेगासो-लालगंज मार्ग से सराय बैरिया खेड़ा गांव की ओर मुड़े, तभी कनकापुर गांव के पहले चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर गेगासो चौकी इंचार्ज अरविंद चौधरी ने सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

### प्रशासन ने मार्केट को कराया कब्जा मुक्त

**बछरावां :** जिला पंचायत प्रशासन ने सोमवार को कस्बे में स्थित जिला परिषद मार्केट की दुकान नंबर छह को खाली करा दिया है। बताया जा रहा है कि इस दुकान को काफी समय से कब्जा था। कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी उसे खाली नहीं किया जा रहा था। सोमवार को नायब तहसीलदार सत्याराज की अगुवाई में पुलिस बल और जिला पंचायत के आलाधिकारियों की टीम जिला पंचायत के स्वामित्व नियंत्रणाधीन बछरावां शॉपिंग काम्प्लेक्स पहुंची और दुकान संख्या छह को खाली कराने की प्रक्रिया को पूरा किया। नायब तहसीलदार सत्याराज ने बताया कि उक्त दुकान तेजनाथ मिश्र को आवंटित हुई थी। किराएदारी 14 अक्टूबर 2022 को निरस्त होने के बाद सहायक राजस्व निरीक्षक जिला पंचायत रायबरेली राम अकबाल को हस्तांतरित किए जाने का आदेश हुआ, परंतु शरद कुमार मिश्रा पुत्र तेजनाथ मिश्र द्वारा नोटिस का अनुपालन नहीं किया गया। जिसको लेकर उक्त कार्रवाई की गई।

## दिनदहाड़े गोवध से हड़कंप, मुकदमा दर्ज

- हिंदू संगठन के आक्रोश पर कोतवाल ने डॉक्टर के पैनल को बुलाकर गोवंश के शव का कराया पोस्टमार्टम

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सलोन कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर गोवध को लेकर माहौल गर्म हुआ है। दिनदहाड़े गोवध की घटना को अंजाम दे रहे आरोपित ट्रैक्टर से किसान को आता देख मौके से फरार हो गए। गोवध की सूचना पर हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने गोवध के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए अज्ञात के विरुद्ध गोवध अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली अंतर्गत पकसरावा गांव स्थित रूनीपुर पानी टंकी के समीप सोमवार तड़के कुछ अज्ञात लोग गोवध की घटना को अंजाम दे रहे थे। इसी दौरान कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ले जा रहे एक किसान की नजर घटना को अंजाम दे रहे आरोपित पर पड़ गई। ग्रामीण के शोर मचाने पर अज्ञात आरोपित मौके से धारदार औजार लेकर भाग निकले। वहीं घटना की सूचना तहसील समेत जिला मुख्यालय पर बैठे हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को हुई तो पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचारक सुरेश सिंह समेत पुलिस अमला घटना स्थल पर पहुंच गया। हिंदू संगठन के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही डॉक्टर के पैनल को बुलाकर गोवंश के शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव को दफना दिया गया। कोतवाल राघवन कुमार सिंह का कहना है कि सुरेश सिंह ने तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध गौवध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। सर्विलांश कि टीम के सहयोग से आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।



पकसरावा गांव स्थित रूनीपुर पानी टंकी के समीप जांच करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण।

**पिकअप में ठूंसकर मवेशी ले जाने पर हंगामा, शिवगढ़:** पशु बाजार पलिया सुबेहा बाराबंकी से पिकअप में छह मवेशी को ठूंस-ठूंसकर एक पिकअप में लादकर रायबरेली के थुलेंडी बछरावां ले जाया जा रहा था। बाराबंकी-रायबरेली बॉर्डर पर स्थित कुम्भी पुलिस सहायता बूथ के सामने से पिकअप गुजरी जहां से आसानी से यह पिकअप बचकर निकल आई लेकिन कुम्भी के पास ग्रामीणों ने देख लिया तो हंगामा करने लगे। कुम्भी के पास मौजूद ग्रामीणों ने पिकअप को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक ने रफ्तार तेज कर दिया। इस पर पीछा करते हुए तरौंजा के पास किसी तरह गांव के लोगों ने पिकअप रोकवा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित पिकअप और भैंस को थाने में लेकर चली आई। मुकदमा लिखने में हीलाहवाली पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने। पुलिस के मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन के बाद वहां पर लोग शांत हुए।

वहीं प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण पिंटू सिंह, सनत सिंह, अमन त्रिवेदी, करन सिंह, चमन त्रिवेदी, अक्षय त्रिवेदी, भानू सिंह यश त्रिवेदी आदि लोगों ने बताया कि पिकअप में छह भैंसे ठूंस-ठूंस कर ले जा रहे थे। वहीं इस संबंध में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**सख्ती**

जिलाधिकारी ने ईएफ फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा की, मैपिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

# फॉर्म संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए : डीएम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत ईएफ फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के पूर्णतः डिजिटाइजेशन व शुद्धिकरण के लिए चल रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



ईएफ फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा करती डीएम हर्षिता माथुर।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए। जिन बूथों की प्रगति अच्छी रही उनके कार्यो की प्रशंसा करते हुए, कम प्रगति वाले बूथों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी ने बूथ स्तर अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विशेष बल देते हुए कहा कि फॉर्म संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई और कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ अंजुलता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**बेहतर कार्य पर बीएलओ को किया सम्मानित:** जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में पम्मी सिंह द्वितीय स्थान, शहनाज़ बानो तृतीय स्थान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरेनी में प्रदीप कुमार तृतीय स्थान, ऊँचाहार में मनोरमा शुक्ला प्रथम, आशा देवी द्वितीय और इंद्रभान सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

**बीओबी ने की दो महत्वपूर्ण डिजिटल और एमएसएमई की पहल**

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने नगर पालिका क्षेत्र में एक ही दिन में दो कार्यक्रम आयोजित कर अपनी डिजिटल इंडिया और एमएसएमई सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को फिर से रेखांकित किया है। सबसे पहले बैंक ने नगर पालिका परिषद के लिए ऑनलाइन लिंक आधारित टैक्स कलेक्शन सिस्टम का विधिवत शुभारंभ किया। बीओबी के गवर्नमेंट डिजिटल सॉल्यूशंस टीम एवं लखनऊ ज़ोन के सहयोग से शुरू यह सुविधा नागरिकों को घर बैठे संपत्ति कर, जल कर आदि का भुगतान करने में सक्षम बनाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने खुशी जताते हुए कहा कि यह जनता के लिए काफी हितकारी है। ईओ स्वर्ण सिंह ने कहा कि इसका लाभ नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को मिलेगा। डिजिटल इंडिया को लेकर यह एक प्रभावी कदम है। इस दौरान शैलेंद्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ जोन, शैलेंद्र सिंह क्षेत्रीय प्रबन्धक रायबरेली क्षेत्र एवं रंजन कुमार उप क्षेत्रीय प्रबंधक की मौजूदगी में सैकड़ों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को बैंक की नवीन क्रेडिट स्कीम्स, डिजिटल बैंकिंग सुविधाएँ, सरकार की गारंटी योजनाएं और विशेष ऋण पैकेज की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उद्यमियों की समस्याओं का मौके पर समाधान तथा व्यक्तिगत परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। यह आयोजन रायबरेली में बैंक ऑफ बड़ौदा की डिजिटल उपस्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

## शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी : सुनील

संवाददाता, सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बख्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल शाखा सरेनी में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। खेलकूद से बच्चों का मानसिक विकास होता है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को घर पर समय देने की अपील की है। आज के स्पर्धा कार्यक्रम में बच्चों ने दौड़, रिले रेस, क्रिकेट व अन्य खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य स्वाति सिंह ने प्रबंध निदेशक सुनील सिंह, प्रबंधक शांतनु सिंह और अतिथि अभिभावक प्रतिनिधि बाबू सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर ओम शिव, धीरज, शिवम सिंह, इरम, वैशाली, वंदना आदि लोग उपस्थित रहे।



स्कूल में विजेता बच्चों को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य स्वाति सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### 11 बजे के बाद ही हो रही जनसुनवाई

**संग्रामपुर (अमेठी) :** जिले के विकास खंड संग्रामपुर में सुबह 10 बजकर 15 मिनट के बाद से अधिकारियों व कर्मचारियों का आना शुरू होता है जो निरंतर 11 बजे तक चलता है सुबह 11 बजे के बाद ही संग्रामपुर में जनसुनवाई हो रही है। संग्रामपुर में अधिकारी व कर्मचारियों को देर से आने की लत से लग गई है। सुबह सबसे पहले 10 बजकर 15 मिनट पर पहुंचने वाले अधिकारी मे संग्रामपुर ब्लॉक पर तैनात एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार रहे। दूसरे नंबर पर ब्लॉक के आफिस में तैनात महिला कर्मचारी शबनम जो 10 बजकर 25 मिनट पर ब्लॉक में प्रवेश की, इसी तरह सिलसिला 11 बजे तक चलता रहा। सुबह 11 बजे तक न पहुंचने वाले में सुशील कुमार प्रथम, राधेश्याम सिंह, दीपक कुमार रहे। फिलहाल संग्रामपुर ब्लॉक का विकास ठप ही दिखाई दे रहा है।

### मिलन महारास की सुनाई कथा

**लालगंज (रायबरेली) :** क्षेत्र के बाल्हेमऊ गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पंडित झिलमिल महाराज ने जीव से ब्रह्म का मिलन महारास की कथा सुनाई। भगवान श्रीकृष्ण ने जब वृंदावन में बंशी बजाकर महारास लीला किया तो उसमें गोपिकाएं दौड़ी चली आयी, क्योंकि कृष्ण परमात्मा हैं। आत्मा का जब परमात्मा से मिलन होता है उसी को महारास कहते हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला का वर्णन करते हुए कहा कि उस महारास में भगवान शिव भी माता पार्वती के साथ योगेश्वर कृष्ण के दर्शन करने आए थे। रूक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि रूक्मिणी श्रृद्धा एवं कृष्ण विश्वास के प्रतीक हैं। इस मौके पर आरएसएस के धर्म जागरण विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, समाजसेवी चंदन त्रिवेदी, किरन सोनी, महेश सोनी, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा, अनुराग तिवारी रहे।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत

**गोसाईगंज (सुलतानपुर) :** द्वारिकागंज चौकी क्षेत्र के उमरी गांव में रविवार को 57 वर्षीय मनोरमा तिवारी की घर के पास बने तालाब में डूबने से मौत हो गई। मायके पक्ष के इंतजार में देर होने के बाद सुबह पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# महिला थाने की गाड़ी की टक्कर से एक की मौत

## रायबरेली रोड पर बनी रेलवे स्टेशन के करीब बाइक में टक्कर लगने से दो अन्य लोग घायल, रेफर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रायबरेली रोड पर बनी रेलवे स्टेशन के करीब जायस की तरफ जा रही महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह की सरकारी जीप और सामने से गौरीगंज की तरफ आ रही बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की है। जबकि अन्य दोनों घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज से एम्स रायबरेली के लिए रेफर किया गया है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त सरकारी गाड़ी।

जानकारी के अनुसार जायस कोतवाली क्षेत्र के पूरे उदवत सराय महेशा निवासी 20 वर्षीय अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र दीनदयाल बाइक से पूरे कालिका सराय महेशा निवासी 20 वर्षीय सत्रोहन पुत्र राजबहादुर और पूरे तहोवर निवासी 45 वर्षीय पप्पू पुत्र जमील खान के साथ पल्लेदारी करने गौरीगंज स्थित एक राइस मिल पर आ रहा था। वहीं महिला थाना गौरीगंज की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह सरकारी जीप से जायस की तरफ जा रहीं थीं। बनी रेलवे स्टेशन के करीब पुलिस जीप और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार अखिलेश कुमार वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सत्रोहन और पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची गौरीगंज पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख दोनों को एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की है।

**सऊदी जाने वाला था अखिलेश:** मृतक के भाई संदीप कुमार ने बताया कि चार दिन बाद ही उसका भाई अखिलेश कमाने के लिए सऊदी अरब जाने वाला था। जिसके लिए सारी तैयारी पूरी हो गई थी। सऊदी जाने से पहले अखिलेश पल्लेदारी कर कुछ पैसे जोड़ने का प्रयास कर रहा था। दुर्घटना में अखिलेश की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज श्याम नारायण पांडे ने बताया कि मृतक के भाई संदीप कुमार की तहरीर पर महिला थाना की जीप के अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### एडीजे की कार कुत्ते से टकराई, बाल-बाल बचे

**संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा टल गया, जहां लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे एडीजे की कार आवारा कुत्ते से टकरा गई। हादसे में कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची और विधिक कार्रवाई करने में जुट गई। हादसा तब हुआ जब एडीजे अजय श्रीवास्तव लखनऊ से आजमगढ़ ड्यूटी ज्वाइन करने जा रहे थे। हालांकि हादसे में एडीजे बाल-बाल बच गए। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का है। जहां सोमवार की सुबह तेज रफ्तार कार आवारा कुत्ते से टकरा गई। हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। कार को प्रयागराज के रहने वाले अजय श्रीवास्तव पुत्र सीपी श्रीवास्तव निवासी एमआईजी कॉलोनी झूसी प्रयागराज चला रहे थे। अजय श्रीवास्तव एमपी एमएलए कोर्ट में अपर जिला जज हैं। जिनका ट्रांसफर आजमगढ़ हो गया था। सोमवार की सुबह 10 बजे उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करना था और वह ड्यूटी ज्वाइन करने लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे थे। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। मौके पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सेफ्टी टीम पहुंची जिसके बाद कार्रवाई में जुट गई।


हादसे के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त वाहन।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक


टास्क फोर्स समिति की बैठक करते डीएम संजय चौहान। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

- शिक्षा योजनाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से जुड़ी सभी प्रमुख योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्युत व्यवस्था और फर्नीचर से लेकर संतृप्त स्कूलों की स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने सीएसआर के माध्यम से सहयोग प्रदान करने का भी अनुरोध किया। साथ ही नगर क्षेत्रों में शौचालय से वंचित विद्यालयों की सूची प्रस्तुत करते हुए नगर पंचायत/नगर पालिका से इनके निर्माण कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले बच्चों के प्रवेश की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बेसिक शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा और मध्यान्ह भोजन योजना में किचन गार्डन की स्थापना को लेकर जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि हर विद्यालय में मौसम के अनुसार किचन गार्डन तैयार कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, सभी खंड शिक्षाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अमेठी रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को जब अमृत विचार टीम ने पड़ताल की तो ऐसे देखने को मिला कि यात्रियों को स्टेशन पर पानी मिलना अब किस्मत का खेल हो गया है। लापरवाही का आलम यह है कि प्लेटफॉर्म की टोटियों से पानी नहीं आता है। स्टेशन परिसर में बनाया गया शौचालयों में भी पानी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यहां से आने-जाने वाले यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।


टूटी पड़ीं कुर्सियां। अमृत विचार


स्टेशन की सूखी नल की टोटियां।



बंद पड़ा सुलभ शौचालय।

**समस्या**

- स्टेशन परिसर के खराब पड़े नल व हैंडपंप, लापरवाही ने यात्रियों की बढ़ाई मुसीबत

रेलवे स्टेशन पर सुबह के समय जब अमृत विचार की टीम ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि यहां फैली अव्यवस्थाओं के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन की जांच के दौरान दो सरकारी नल खराब पड़े मिले, जिनकी मरम्मत न होने से पानी की किल्लत और बढ़ गई है। यहां पहुंचे यात्रियों ने बताया कि महिलाओं और बुजुर्गों के लिए स्थिति सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कई लोग बोतल लेकर स्टेशन के बाहर लगे हैंडपंप की ओर जाते नजर आए। वहीं यात्रियों ने बताया कि पानी की समस्या कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन अब हालात और भी गंभीर हो गए हैं। सबसे ज्यादा हैरानी तब हुई जब निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक का कमरा ताला बंद मिला। इससे यात्रियों में यह चर्चा छिड़ गई कि स्टेशन पर अव्यवस्थाओं की निगरानी आखिर कौन देख रहा है। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि प्लेटफॉर्म पर रखी कई कुर्सियां टूटी हालत में हैं, जिनकी देखरेख करने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है। जिन पर लोगों का बैठना तो दूर, टिकना भी मुश्किल था।


स्टेशन अधीक्षक कक्ष में लटकता ताला।


स्टेशन परिसर में लगा खराब हैंडपंप।

इसके अलावा स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की स्थिति भी कमजोर मिली। कई जगह गंदगी और पुराने रिसाव के निशान नजर आए। वहीं स्टेशन पहुंचे यात्रियों ने कहा कि अमेठी जैसे मुख्य स्टेशन पर इस तरह की लापरवाही चिंताजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन व रेलवे प्रशासन से यहां समस्या का समाधान करने की मांग की है। वहीं अमेठी स्टेशन के अधीक्षक से फोन संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन बंद आ रहा था।

### भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट में तीन लोग घायल

**संग्रामपुर (अमेठी)।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के पूरे चुरावन, गोरखापुर गांव में सोमवार को खूंटे में भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक बुजुर्ग महिला और किशोरी सहित तीन लोग घायल हो गए। पीड़िता नोहरा देवी (50) पत्नी राम मूरत वर्मा ने बताया कि पड़ोस के दिनेश, श्यामू, रिंकू और मदनलाल उनकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से भैंस बांध रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट में नोहरा देवी को गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उन्हें टांके लगाने पड़े, जबकि उनकी नातिन वंदना को भी गहरी चोटें आईं। पीड़िता की तहरीर पर संग्रामपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी बब्लू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के पूरे देवी तिवारी मजरे नीमपुर निवासी बब्लू यादव पुत्र छोटेलाल पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे मुखबिर की सूचना पर एसओ विवेक वर्मा ने पुलिस टीम के साथ बाजार शुकुल-इन्होंना अंडरपास के पास दबिश दी और आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे जेल भेज दिया। आरोपी गिरफ्तारी पर पुलिस का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इसी प्रकार किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

# सपा का एसआईआर फॉर्म भरवाओ अभियान तेज

संवाददाता, संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से सोमवार को अमेठी-186 विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म भरवाने का विशेष अभियान चलाया गया। विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में चल रहे इस अभियान का तीसरा जागरूकता रथ कालिकन धाम पहुंचा, जहां लोगों को फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया गया।

ई-रिक्शा पर समाजवादी पार्टी और एसआईआर अभियान से जुड़े बैनर लगाए गए थे, जिनके माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिए जाने के बाद अभियान में तेजी देखने को मिल रही है। पार्टी का लक्ष्य निर्धारित समय में अधिक से अधिक लोगों का एसआईआर फॉर्म जमा कराना है। अभियान का नेतृत्व कर रहे सपा नेता मनीराम वर्मा ने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपना एसआईआर फॉर्म भरकर अनिवार्य रूप से बीएलओ के पास जमा करें। कार्यक्रम के प्रभारी एवं सपा मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह यादव ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिन मतदाताओं का फॉर्म जमा नहीं होगा, वे मतदान से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म भरकर उसे जमा करना लोकतंत्र को मजबूत करने का दायित्व हमारा है। अभियान में पूर्व प्रधान एवं सपा नेता रामकृष्ण यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने स्वैच्छिक दान देकर धन संग्रह अभियान का किया शुभारंभ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा किया गया। सबसे पहले जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को प्रतीक झंडा लगाया गया। इस पर उन्होंने स्वैच्छिक दान देकर धन संग्रह अभियान का शुभारम्भ किया।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से देश की सुरक्षा एवं अखंडता की रक्षा करने के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की वीर नारियों, अपंग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के सहायतार्थ इस राष्ट्रीय कार्य में सोल्लास भाग लेकर अधिक से अधिक अनुदान देने की अपील की। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं के वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिवारों, युद्ध में घायल/अपंग हुए सैनिकों के कल्याणार्थ एवं युद्ध के समय हुई क्षति को पूर्ण करने हेतु देश की जनता से दान के रूप में धन संग्रह किया जाता है। जिसे सैनिकों और उनके परिवार जनों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये यह दिवस वर्ष 1949 से प्रति वर्ष सात दिसम्बर को मनाया जाता है।


सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर धन संग्रह अभियान का शुभारम्भ करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

**आयोजन**

इसके बाद जिला जज अमित पाल सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, अपर जिला जज/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य आदि अधिकारियों/कर्मचारियों को झंडा लगाकर अनुदान संग्रहीत किया गया। 66 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेटों द्वारा नगर के मुख्य बाजारों एवं अन्य विभागों में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में धन संग्रह हेतु सहयोग किया गया। इस अभियान में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूर्व सैनिकों का योगदान रहा।

## सिटी डायरी



विजेताओं को शील्ड व प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### लखनऊ और गोरखपुर बना बैडमिंटन प्रतियोगिता का विजेता

**रायबरेली।** परशदेपुर के एनएच पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधान स्व. दिलीप सिंह की स्मृति में चल रही चतुर्थ कारगिल शहीद मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में लखनऊ, गोरखपुर और कुंडा ने शील्ड पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में युगल प्रतियोगिता में पत्रकारपुरम लखनऊ के रेयांच और शुभम ने लखनऊ को धर्मवीर और शिवम को, एकल प्रतियोगिता में गोरखपुर के अयान ने लखनऊ के शिवम को हराकर विजेता बने। यहां प्रदीप कुमार सिंह, अजय सिंह, डॉ. सैयद हैदर मेंहदी, मौलाना मो. इस्लाम नदवी, दीपू सिंह, शम्सी रिजवी, अभिषेक सिंह आदि रहे।



पुरस्कृत किए गए मेधावी बच्चे, मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### विजेता प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

**लालगंज (रायबरेली)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को बैसवारा डिग्री कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर हाई स्कूल व कंपोजिट विद्यालय समेत 27 विद्यालयों के 81 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चयनित बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में प्रथम नाज़नीन कंपोजिट विद्यालय उगाभाद, द्वितीय अर्जित वर्मा यूपीएस लोहरामऊ, तृतीय शुभी यूपीएस सेमरपहा, चतुर्थ राधिका कंपोजिट विद्यालय उगाभाद, पांचवे स्थान पर कोमल यूपीएस बेहटाकला रही। चयनित बच्चों को विज्ञान से संबंधित पुस्तक व प्रतीक चिह्न राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया।


भागवत कथा सुनाते आचार्य संतोष महाराज। अमृत विचार

### सुख और शांति हमारे भीतर है

**सिंहपुर (अमेठी)।** विकास क्षेत्र तिलोई के गड़ेहरी गांव में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी 'राजू' तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को दिव्य संदेश दिए। उन्होंने कहा कि सुख और शांति हमारे भीतर ही है, बस मनुष्य उसे पहचान नहीं पाता। भगवान ही सुख का वास्तविक स्रोत हैं, इसलिए मनुष्य को ईश्वर से ही नाता जोड़ना चाहिए। महाराज श्री ने परीक्षित-शुकदेव संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि मृत्यु समय मनुष्य को केवल गोविन्द के पादकमलों का स्मरण करना चाहिए।


प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह।

### प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिंहपुर (अमेठी)।** विकास क्षेत्र के लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित एसबीएन पब्लिक स्कूल बिझौरा आजादपुर में सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह "मुन्ना" ने फीता काटकर खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय में प्रायमरी व जूनियर के बच्चों ने कबड्डी, बोरा दौड़, लंगड़ी दौड़, वॉलीबाल, रस्साकशी, ऊँची कूद, लंबी कूद, अन्य कई खेलों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आजादपुर मो. मिस्टर, शिरीष गुप्ता, रिंकू सिंह, पत्रकार मलखान सिंह, रामकुमार विश्वकर्मा, सुखबीर सिंह, राम शरण तिवारी, कृपा शंकर, अजय पाठक आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**मिलेगी नई दिशा** — जिले में राजकीय संप्रेक्षण गृह चालू, 100 किशोर अपचारियों को मिलेगा बेहतर माहौल

# स्वच्छ वातावरण में अच्छे नागरिक बनेंगे किशोर अपचारी

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** अपराध जगत में छोटी सी उम्र में दस्तक देने वाले किशोर अपचारियों को अब बेहतर माहौल मिलेगा। उद्देश्य आपराध के तार को तोड़ते हुए उन्हें देश का एक जिम्मेदार और अच्छा नागरिक बनाने का है। इसके लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयास को बल देते हुए जिले में राजकीय संप्रेक्षण गृह चालू कर दिया गया है।

शहर के जैतूपुर में नव-निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह शुरू हो गया है, जो जुनैल कोर्ट संप्रेषण गृह के रूप में कार्य करेगा। 6.60 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह भवन किशोर अपचारियों के जीवन को नई दिशा देने का केंद्र बनेगा। वर्तमान में यहाँ 24 बच्चे आए हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 100 किशोरों को आश्रय देने की है। इस विशेष आश्रय का मुख्य उद्देश्य किशोर अपचारियों को आपराधिक कृत्यों से बचाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक अच्छा नागरिक बनाना है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत यहां बच्चों के रहने, खाने और विशेष प्रशिक्षण की सुविधा होगी। बाकायदा कक्षाएं संचालित की जाएंगी और किशोरों को हुनरमंद बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बाहर जाने के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नियमित काउंसिलिंग की जाएगी। उन्हें शिक्षा के अलावा, उन्हें डांस, गायन और अन्य कला क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से उनका मानसिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यदायी संस्था पैकफेड द्वारा निर्मित इस संप्रेक्षण गृह के भवन की सभी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण पूरा हो चुका है। क्लास रूम और लाइब्रेरी, काउंसिलिंग कक्ष, डायनिंग हॉल और किचन, प्राथमिक उपचार कक्ष, वर्कशॉप रूम, कार्यालय और स्टाफ आवास शामिल है।

**किशोर और बाल अपराधियों को मिलता है सुरक्षित वातावरण:** किशोर और बाल अपराधियों के लिए एक ऐसी संस्था है, जहां उन्हें अपराध से दूर एक सुरक्षित वातावरण में रखा जाता है। इन गृहों में बच्चों को भोजन, शिक्षा, खे.कूद और परामर्श जैसी बुनियादी सुविधाएँ दी जाती हैं, ताकि वे खुद को अपराधी न समझें और सुधर सकें। यहां उन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्श, शारीरिक गतिविधियां जैसे योग, खेल और कला जैसे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी दिलाया जाता है।

> यह जिले का पहला संप्रेक्षण गृह होगा, जहां एक ही छत के नीचे किशोर अपचारियों के जीवन को नई और सकारात्मक दिशा दी जाएगी। 100 बच्चों की क्षमता वाले इस संप्रेक्षण गृह में रायबरेली के अलावा अन्य जिलों के किशोर अपचारियों को आश्रय देने की तैयारी है।
>
> –हर्षिता माथुर, जिलाधिकारी, रायबरेली।



